भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 4696
गुरुवार, 21 अगस्त, 2025/30 श्रावण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

उड़ान योग्य विमानों की कमी

4696. श्री मलविंदर सिंह कंगः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में उड़ान योग्य विमानों की संख्या उनकी आवश्यकता की तुलना में कम है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ख) क्या ऐसे विमानों के विनिर्माण और मरम्मत के लिए पर्याप्त व्यवस्था नहीं है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ख): वर्तमान में, देश में अनुसूचित प्रचालकों द्वारा 846 विमानों का परिचालन किया जा रहा है। एयरलाइन कंपनियों में विमानों को शामिल किया जाना एक सतत प्रक्रिया है। एयरलाइन प्रचालक समय-समय पर अपने मौजूदा बेड़े में नए विमान शामिल करते हैं।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने भारत में पंजीकृत विमानों के रखरखाव के लिए वृहत नागर विमानन अपेक्षाएँ (सीएआर) तैयार की हैं। डीजीसीए, विनिर्माता के रखरखाव योजना दस्तावेज़ों (एमपीडी), विमान रखरखाव मैनुअल (एएमएम), इंजन रखरखाव मैनुअल (ईएमएम) और अन्य प्रासंगिक दस्तावेज़ों के आधार पर प्रचालक द्वारा तैयार किए गए विमान रखरखाव कार्यक्रम को अनुमोदित करता है। विमान के रखरखाव के लिए प्रचालक अपना स्वयं का रखरखाव संगठन निर्मित कर सकता है या किसी अन्य डीजीसीए अनुमोदित रखरखाव संगठन से अनुबंध कर सकता है।

*****